# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

नैक से "B++" ग्रेड एवं स्टार कॉलेज (डी.बी.टी.) की अधिमान्यता प्राप्त महाविद्यालय

# कैम्पस न्यूज

वर्ष - 7, अंक - 8

वर्ष - जुलाई-दिसम्बर -2024


## माटी-शिल्प कार्यशाला का आयोजन

महाविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय माटी-शिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। चित्रकला एवं मूर्तिकला विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन अपर संचालक, उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पाण्डेय के कर-कमलों से हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री विनायक नातु (विधायक प्रतिनिधि) एवं समाजसेवी श्री दिनेश नलोड़े जी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पाण्डेय ने कहा कि यह महाविद्यालय छात्राओं के चहुमुखी विकास के लिए कार्य करता रहा है। कार्यशाला के संयोजक श्री योगेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य पर्यावरण संवर्धन पर केन्द्रित है। भगवान गणेश की छोटी-छोटी मिट्टी की मूर्ति बनाकर छात्राएँ उन्हें अपने घर पर स्थापित करेंगे और घर पर ही बाल्टी/गमला में विसर्जित कर उसे बाग-बगीचे में प्रवाहित कर देंगी। कार्यशाला के प्रशिक्षक शिल्पवर्षा संस्था के संचालक श्री राजेन्द्र सुनगरिया ने बताया कि लगभग 150 छात्राओं ने पंजीयन कराया है जो बड़ी तन्मयता से सीख रही हैं। शहर के प्रसिद्ध कलाकार डॉ. एस.पी. चौधरी, श्रीमती रोहिणी पाटणकर, श्री मोहन लाल बंसल, श्रीमती विजया त्रिपाठी ने कार्यशाला का अवलोकन किया एवं छात्राओं को बारीकी बताई। सह प्रशिक्षक कु. तृप्ति खरे (अतिथि व्याख्याता) मूर्तिकला ने छात्राओं को रंग संयोजन के विषय में बताया। समापन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा बनाये गये गणपति की प्रदर्शनी लगाई गई।








# अपनी बात



डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य

शाासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग जिले का श्रेष्ठतम कन्या महाविद्यालय है। महाविद्यालय अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ शोध, अनुसंधान, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा गतिविधियों में उच्च सोपान पर पहुँचा है। महाविद्यालय की छात्राओं ने हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय छाप छोड़ी है। साथी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने महाविद्यालय के विकास एवं प्रगति में अपना सक्रिय योगदान दिया है। कैम्पस न्यूज का यह अंक महाविद्यालय की उत्कृष्ट गतिविधियों का आईना है। मैं सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम महमरा में आयोजित किया गया। इस शिविर का समापन डॉ. ऋचा ठाकुर, प्राचार्य शासकीय संगीत महाविद्यालय, दुर्ग के मुख्य आतिथ्य में एवं डॉ. डी. सी. अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मैं एक कलाकार हूं। यहां पर कला की विभिन्न विधाओं को देखने का अवसर मिला, प्रत्येक व्यक्ति में अनेक कलायें विद्यमान है। उसे परखने, निखरने और जीवन में उतारने की आवश्यकता है। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय की रा.से.यो. की छात्राएँ अनुशासित और संयमित है। शिविर के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व में और निखार आया है। इस ऊर्जा को वे सतत् रूप से बनाए रखे। डॉ. सुषमा यादव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय शिविर में कु. नम्रता बंजारे, डागेन्द्र साहू एवं भावना बंजारे द्वारा आत्मरक्षा हेतु कराते का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ0 अमृतलाल गुर्वेन्द ने नशा के दुष्परिणाम व बचाव के संबंध में व्याख्यान दिया। डॉ. कामता साहू ने भारतीय संस्कृति पर व्याख्यान दिया। कु0 रूचि शर्मा पैरालीगल वालिटिंयर विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग ने महिला उत्पीड़न, महिला सुरक्षा कानून एवं विभिन्न धाराओं पर व्याख्यान दिया। पांच वर्षीय गुगल ब्वाय रूद्र शर्मा ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न जटिल प्रश्नों के उत्तर देकर छात्राओं को लाभान्वित किया। डॉ0 अमिता सहगल, विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान ने पोषण आहार पर व्याख्यान दिया। रेडक्रॉस की प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने एड्स के संबंध में जानकारी प्रदान की। स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में डॉ0 मानसी गुलाटी नर्सिंग होग, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं डॉ0 विनीता ध्रुव जिला चिकित्सक दुर्ग ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और छात्राओं को महिलाओं से संबंधित रोगों के कारण एवं बचाव की विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ0 अरूण सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय दुर्ग, डॉ0 अभिषेक खरे, दन्त रोग चिकित्सक ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। श्री वेदनारायण यदु ने रक्त परीक्षण कर छात्राओं एवं ग्रामीणों का रक्त समूह बताया। शिविर में श्री सीताराम ठाकुर ओम सत्यम जन शिक्षण विकास समिति एवं चिकित्सकों के सहयोगियों ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने ग्रामीणों से कहा कि प्रतिदिन शिविर में श्रमदान कर गांव की सफाई योगा, बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के अंतर्गत नशामुक्त भारत, पर्यावरण, वृक्षारोपण, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता जागरूकता से संबंधित रैली एवं पोस्टर लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। बुजुर्गों को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, सांस्कृतिक एवं खेलकूद में सहभागी ग्रामीण बच्चों को पुरस्कृत किया गया।



## एक्वा क्लब का गठन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका के निर्वहन हेतु ''एक्वा क्लब'' का गठन किया गया। स्नातकोत्तर रसायनशास्त्र विभाग में विज्ञान संकाय की छात्राओं को जल संरक्षण के लिये जागरूकता अभियान चलाने तथा महाविद्यालय में जल परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी प्राध्यापक डॉ. सुनीता गुप्ता ने बताया



कि रसायन प्रयोगशाला में जल परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है। छात्राएँ विभिन्न जल स्रोतों का परीक्षण करना सीखेंगी। वहीं निःशुल्क जल परीक्षण किया जा सकेगा। इसके लिए एक्वा क्लब की छात्राओं को विधिवत प्रशिक्षित किया जा रहा है। क्लब की छात्राएँ विभिन्न वार्डों तथा ग्रामों में जाकर जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगी और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं के साथ जल स्त्रोतों के आसपास सफाई भी करेगी। कृषि क्षेत्र में ड्रिप इरिगेशन तथा घरेलू जल उपयोग में पानी के दुरूपयोग रोकने के लिए सार्थक प्रयास की पहल करेगी। एक्वा क्लब की सदस्यों ने जल संरक्षण पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगायी तथा छात्राओं को इसका महत्व बतलाया। साथ ही सदस्यों ने परिसर में नलों की टोंटी को बंद रखने तथा पानी के दुरूपयोग को रोकने का अभियान चलाया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल जैन ने रसायन विभाग के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जल परीक्षण के लिये प्रयोगशाला में आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। रसायनशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता गुप्ता एवं डॉ. यास्मीन फातिमा परवेज ने छात्राओं को मार्गदर्शन दिया।

## प्लेसमेन्ट पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में आज दिनांक 12/08/2024 को प्लेसमेन्ट एवं कॅरियर गाइडेन्स सेल द्वारा ''प्लेसमेन्ट अवरनेस प्रोग्राम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में प्रिज्म ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू ने आज के समय में प्लेसमेन्ट की आवश्यकता एवं महत्व के संबंध में छात्राओं से चर्चा की। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस एकदिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को रोजगार के प्रति जागरूक कर उन्हें इसके लिये तैयार करना है। प्रिज्म ग्रुप की प्राध्यापिका कु. प्रियंका चौहान ने बायोडाटा बनाने एवं साक्षात्कार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। इस संबंध में छात्राओं की लिखित योग्यता परीक्षा ली गई। उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राएँ उपस्थित थी।






## महाविद्यालय में जागो ग्राहक जागो कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में आज दिनांक 13/08/2024 को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में जागो ग्राहक जागो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मंजूलता साव, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने सभी छात्राओं को अपने उद्बोधन में ग्राहक के कर्तव्यों एवं अधिकारों की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत उपभोक्ता को प्राप्त अधिकार, त्रिस्तरीय न्यायिक तंत्र की प्रक्रिया तथा जिला उपभोक्ता फोरम में प्रस्तुत वाद की जानकारी दी तथा अपने हितों की रक्षा के लिये छात्राओं को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय कुमार वासनिक, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. के.एल. राठी, डॉ. विजय कुमार वासनिक, डॉ. मंजूलता साव, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. सुषमा यादव, कु. डिम्पल साहू, कु. शीतल गुप्ता एवं बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी।




## ''विश्व अंगदान दिवस'' आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में यूथ रेडक्रॉस द्वारा विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी दी कि जागरूकता से ही अंगदान हेतु युवाओं को प्रेरित किया जाता है क्योंकि यह मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होनें बताया कि विश्व अंगदान दिवस विश्व स्तर पर मानाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। अंगदान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक व्यक्ति को उसकी सहमति से कानूनी रूप से उसके अंगों को निकालने और किसी अन्य व्यक्ति में प्रत्योरोपित करने की अनुमति दी जाती है, जहाँ दाता जीवित या मृत हो सकता है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि भारत में प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले रोगियों और उपलब्ध अंगों के बीच एक बड़ा अंतर है। जागरूकता से इस अंतर को कम किया जा सकता है। कु. तबस्सुम के अनुसार अधिकतर जनसंख्या अंगदान की महत्ता और प्रक्रिया से अनभिज्ञ है। कु. मनीषा धृतलहरे ने सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताओं को अंगदान में बड़ी बाधा बताया। कु. महक परवीन ने कई मिथक एवं प्रचलित भ्रांतियों को इसका कारण कहा। कु. युक्ति देशमुख ने कहा कि अंगदान से संबंधित कानून अभी विकासशील अवस्था में है जिसके कारण अंगदान प्रक्रिया कठिन हो जाती है। कु. लुबना आलम ने कहा कि अंगदान को रक्तदान की तरह महादान माना जाता है, परंतु लोग इसे करने से घबराते है क्योंकि वह इससे जान का खतरा मानते है। शेख साहिबा ने बताया कि हृदय, गुर्दे, फेफड़े, यकृत, आँत, हाथ, ऊतक, अस्थि मज्जा और स्टेम सेल, नेत्र दान से किसी को भी नया जीवन दिया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम का संचालन युवरानी एवं आभार प्रदर्शन मानसी प्रसाद ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या छात्रायें उपस्थित थी।





## एंटी रैगिंग सप्ताह आयोजित

महाविद्यालय में दिनांक 12.08.2024 से 18.08.2024 तक एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत निबंध, पोस्टर, स्लोगन, एंटी रैगिंग लोगो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निबंध प्रतियोगिता में 40, पोस्टर प्रतियोगिता में 14, स्लोगन में 18 तथा लोगो डिजाईन में 08 छात्राओं की भागीदारी रही। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - नितिशा गोरवना बी.एससी.(बायो) तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान- सुनीति कौशिक, एम.एससी.(प्राणीशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान- रश्मि साहू, बी.एससी. (गृहविज्ञान) प्रथम सेमेस्टर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - सृष्टि जलकारे, एम.एससी. (प्राणीशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान- संचिता यादव, बी.एससी. (माइक्रोबायो) एवं तृतीय स्थान - रेणु बंजारे, बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - विजयलक्ष्मी एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर (प्राणीशास्त्र) द्वितीय स्थान- नेहा बंछोर, एम.एससी. (प्राणीशास्त्र) तृतीय स्थान - हिना ठाकुर, बी.एससी. (गृहविज्ञान) प्रथम सेमेस्टर रहीं। लोगो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - योगिनी प्रधान एम.एससी(प्राणीशास्त्र), द्वितीय स्थान - भूमि बाधवानी, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष रही। उक्त छात्राओं के उत्कृष्ट कार्यों की प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने प्रशंसा की एवं उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के आयोजन में कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल सदस्य डॉ. सुषमा यादव सदस्य डॉ. लता मेश्राम की सहभागिता रही।





## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

महाविद्यालय में भूगोल विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने अंतरिक्ष दिवस के बारे में सामान्य जानकारी देते हुए छात्राओं को बताया कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2024 पर हम भारत की अंतरिक्ष यात्रा की महान उपलब्धियों का सम्मान करते हैं। यह दिन विशेष रूप से चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को मनाने के लिए है, जिसने चंद्रमा पर सुरक्षित लैंडिंग की और भारत को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। इस दिन को मनाने का उद्देश्य हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की मेहनत को सराहना है, साथ ही यह युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर हम सब मिलकर भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलताओं का उत्सव मनाते हैं। श्री नितिन कुमार ने बताया कि भारत ने 23 अगस्त 2023 को अपने चंद्रयान-3 विक्रम लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सफलतापूर्वक उतारा था। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा 23 अगस्त को ''राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस'' घोषित किया गया है। पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस यानी 23 अगस्त, 2024 को अंतरिक्ष विभाग पूरे देश में व्यापक समारोह आयोजित करेगा। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के उपलक्ष्य में इस वर्ष राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के लिए चुनी गई थीम है ''चाँद को छूते हुए जीवन को छूना: भारत की अंतरिक्ष गाथा''। अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति इसरो की प्रतिबद्धता समाज के प्रति इसकी प्रतिबद्धता से अविभाज्य है और इस विशाल आयोजन में सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, इसरो/अं.वि. भारत के नागरिकों से अनुरोध करता है कि वे एक ऐसा लोगो डिजाइन करके अपनी रचनात्मकता को उजागर करें जो हमारे देश की अंतरिक्ष उपलब्धियों की भावना को दर्शाता हो। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा यादव एवं आभार प्रदर्शन श्री नितिन कुमार ने किया। छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## राष्ट्रीय गणित सप्ताह का समापन गणित जीवन का मूल है- डॉ. राजेश पाण्डेय

गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे डॉ. राजेश पाण्डेय, अपर संचालक उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग जो स्वयं गणित के विद्वान प्राध्यापक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग की प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि गणित जीवन का मूल है। ब्रम्हाण्ड की अवधारणा शून्य से आरंभ होती है। छात्राओं को प्रेरित करते हुये उन्होनें कहा कि वर्तमान समय इनोवेशन का है। आप सभी शोध परक कार्यों पर ध्यान दे उन्होनें छोटे-छोटे किस्सों के माध्यम गणित की संख्याओं का महत्व बताया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने आशीर्वचन देते हुये कहा कि गणित जैसे कठिन विषय को इस आयोजन के माध्यम से मनोरंजक तरीके से समझने में आसानी हुई है। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सभी प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी दर्ज कराई है। उन्होनें कहा शून्य जब किसी संख्या के साथ जुड़ता है तो बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ. ऋचा ठाकुर ने गणित और संगीत के आंतरिक संबंध को गिनती के माध्यम से बताया। गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनुजा चौहान ने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की विस्तृत जानकारी दी। विजेता छात्राओं को राशि एवं प्रमाण-पत्र से पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में 65 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम ओम देवी, द्वितीय ईशा साहू एवं तृतीय भूमिका देवांगन रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम-डॉली देशमुख, द्वितीय विनीता बघेल एवं तृतीय स्थान पर चंचल रही। गणित ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम रिंकी ठाकुर, द्वितीय निहारिका एवं तृतीय स्थान पर अनिता वैद्य रही। इस आयोजन में छात्राओं को श्री रामानुजम की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म भी दिखाई गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. सुमन सिंह एवं डॉ. मोनिका देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुजा चौहान एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मोनिका देवांगन ने किया।





## महाविद्यालय के सात बास्केटबाल एवं एथलेटिक्स में एक खिलाड़ी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय टीम में

महाविद्यालय के सात बास्केटबाल खिलाड़ियों का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय टीम हेतु हुआ। ये खिलाड़ी दिनांक 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक आयोजित ईस्ट जोन यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग का प्रतिनिधित्व करेंगे। डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता बी.आर.ए. युनिवर्सिटी मुजफ्फरपुर बिहार में आयोजित है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महाविद्यालय के खिलाड़ी इस प्रकार है - कु. रितिका निषाद, कु. डी. कीर्ति, कु. ज्योति प्रज्ञापति, कु. अर्चना निषाद, डी. अनुषा, जन्नत अली। रितिका, ज्योति, कीर्ति, अनुषा ओपन नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुके है। डी.कीर्ति शालेय जीवन में अन्तर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुकी है। महाविद्यालय की एथलिट सत्यभामा का चयन 400 सौ मीटर हर्डल्स एवं रिले हेतु अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु हुआ है। यह प्रतियोगिता दिनांक 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सांईसेज भुनेश्वर, ओड़िशा में आयोजित है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल, क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम ने महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी।



बास्केटबॉल खिलाड़ी



सत्यभामा एथलेटिक्स खिलाड़ी

## व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय का कब्जा बरकरार

शासकीय इंदिरा गाँधी महाविद्यालय वैशाली नगर द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय उच्च शिक्षा विभाग अंतरमहाविद्यालीन व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग ने सेमीफाइनल में वैशाली नगर महाविद्यालय को 25-20, 25-12 से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया । कन्या महाविद्यालय की प्रिया शिखा, राखी, दीप्ती, अनुष्का, तोमेश्वरी, नीरजरा ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग ने फाइनल मैच में स्वामी स्वरूपानन्द महाविद्यालय, हुडको को 25-16, 25-15 लगातार सेट में परास्त कर पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी विजेता होने का गौरव हासिल किया। महाविद्यालय की टीम इस प्रकार थी - प्रिया शिखा (कप्तान), राखी सिंग, दीप्ति राठौर, अनुष्का निषाद, तोमेश्वरी जंघेल, नीरजरा टांडी, संतोषी, श्वेता, सुष्मिता नायक, शांति पोयम, सुबोशनी, टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे, क्रीडाधिकारी थी। डॉ. दुबे ने बताया कि उपरोक्त खिलाड़ियों का अभ्यास बी. आई. टी. मैदान में होता था। इस टीम में सम्मिलित 5 खिलाड़ी पिछले साल भी ईस्ट जोन विश्वविद्यालीन प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल, क्रीडा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दी।



## कन्या महाविद्यालय में सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत दिव्यांग छात्रा को ट्रायसायकल प्रदान

महाविद्यालय में आज सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत एक दिव्यांग छात्रा को ट्रायसायकल एवं उसके जरूरत की कई सामग्रियाँ प्रदान कर एक नई पहल की शुरूआत की गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय की बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. संतोषी यादव जो महाविद्यालय से करीब पाँच किलोमीटर की दूर से महाविद्यालय आना-जाना करती थी लेकिन नियमित रूप से महाविद्यालय न आने के कारण उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। उसकी इस समस्या को महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने एक कार्यक्रम के दौरान महसूस किया और उस छात्रा की व्यथा सुनी। उन्होनें प्रभारी प्राचार्य को कु. संतोषी यादव के बारे में अवगत कराया। प्राचार्य के प्रयासों से नगर के स्व. रेखचंद अग्रवाल परिवार ने इस छात्रा की मदद करने में रूचि दिखाई। अग्रवाल परिवार को जब उक्त छात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त हुई तो श्रीमती वीणा अग्रवाल ने इस छात्रा को मदद करने की पहल की और इसी तारतम्य में आज अग्रवाल परिवार के श्री सुधीर अग्रवाल एवं अन्य सदस्यगणों द्वारा कु. संतोषी यादव को ट्रायसायकल के साथ-साथ अन्य जरूरत की सामग्री भी प्रदान की गई। श्री सुधीर अग्रवाल ने पूर्व में भी रेडक्रॉस सोसायटी एवं कोविड के दौरान महाविद्यालय को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई थी। प्रभारी प्राचार्य ने आज अग्रवाल परिवार को उनके इस कार्य के लिये साधुवाद देते हुए कहा कि दिव्यांग छात्रा के प्रति इस तरह की संवेदना से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं छात्राओं की उपस्थिति में डॉ. रेशमा लाकेश द्वारा श्रीमती वीणा अग्रवाल का तुलसी पौधे से स्वागत किया गया एवं डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने आभार व्यक्त किया।



## राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

महाविद्यालय में खेल दिवस का जोरदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर संचालक उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि श्री विनायक नातु (विधायक प्रतिनिधि) थे। सर्वप्रथम मेजर ध्यानचंद जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। उद्बोधन में डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ध्यानचंद जी की उपलब्धियों से छात्राओं को अवगत कराया। उन्होनें खेल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय हमेशा से ही छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देता आया है। उन्होनें पुरस्कृत छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आगे भी आप इसी तरह खेलों में हिस्सा लें। उन्होनें महाविद्यालय की खिलाड़ी छात्राओं- सोनिया साहू-फुटबॉल, मेघा देशमुख-क्रिकेट, ए. प्रिया राव - हैण्डबाल को बधाई दी, जिन्हें आज के दिन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राजकीय खेल सम्मान मिला है। विशिष्ट अतिथि श्री विनायक नातु जी (विधायक प्रतिनिधि) ने कहा कि यह महाविद्यालय शहर का बड़ा महाविद्यालय है, इसमें बढ़ती छात्रा संख्या एवं उत्कृष्ट क्रीड़ा गतिविधियों को देखते हुए शासन द्वारा महाविद्यालय को खेल मैदान एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध करवाने की पुरजोर कोशिश करेंगे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा सर्वप्रथम महाविद्यालय की फुटबॉल खिलाड़ी सोनिया साहू को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2023-24 के लिए घोषित किया गया उन्हें ग्यारह सौ रूपये नगद एवं प्रतीक चिन्ह से पुरस्कृत किया गया। तद्पश्चात उन छात्राओं को पुरस्कृत किया जिन्होनें महाविद्यालय की ओर से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम की ओर से ईस्ट जोन प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व किया- ए.अर्चना एवं मानसी नेताम-हैण्डबाल, पूनम नायक-नेटबाल, मोनिका एवं जागृति कुमेटी-साफ्टबाल प्रतियोगता इन खिलाड़ियों को 1100 रूपये नगद एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। खेल सप्ताह के अन्तर्गत निम्नलिखित खेलों का आयोजन किया जिसके पुरस्कार वितरित किये गए - फुगड़ी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चंचल यादव, बी.कॉम. अंतिम, द्वितीय स्थान पर तारणी ठाकुर, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर गुंजा निषाद, बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तानिया ठाकुर, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान गुंजा निषाद तथा तृतीय स्थान जागृति कुमेटी बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। वहीं शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुषमा बरईया-पीजीडीसीए, द्वितीय स्थान रिया बारले-एमए. अंग्रेजी एवं तृतीय स्थान अनिता वैद्य-बी.एससी. द्वितीय वर्ष एवं शारदा पोटाई-एम.एससी. गणित रहे। निबन्ध लेखन जिसका विषय वर्तमान परिपेक्ष्य में क्रीड़ा में महिलाओं की भूमिका में प्रथम पुरस्कार स्वाति वर्मा-बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर अलक्सा अंजुम-एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान चंचल यादव बी.कॉम. अंतिम वर्ष रहे। प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान श्रद्धा साहू-बी.एससी. अंतिम वर्ष, द्वितीय स्थान पर सुस्मिता नायक-पीजी डिप्लोमा इन योगा एवं तृतीय स्थान अम्बिका मटियारा-पीजी डिप्लोमा इन योगा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं डॉ. ऋतु दुबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. सुषमा यादव ने किया। कार्यक्रम में डॉ. लता मेश्राम, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. के.एल. राठी एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे तथा श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्रकार एवं श्री ओम ध्रुव ने विशेष सहयोग दिया।





## गर्ल्स कॉलेज में एमओयू

महाविद्यालय में प्लेसमेन्ट सेल एवं कॅरियर गाईडेन्स के तहत आज दिनांक 09/09/2024 को प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट उतई एवं महाविद्यालय के बीच एमओयू किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं के समुचित विकास हेतु शिक्षण, अधिगम, अनुसंधान एवं अन्य छात्र केन्द्रित गतिविधियों को बढ़ावा देना है। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल, प्रिज्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की प्राचार्य डॉ. अंजना एवं प्लेसमेन्ट सेल की सदस्य डॉ. सुनीता गुप्ता उपस्थित रहीं।



## शिक्षक दिवस का आयोजन

महाविद्यालय के नृत्य विभाग में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नृत्य की प्रथम सेमेस्टर एवं जेनेरिक इलेक्टिव की छात्राओं हेतु स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में नृत्य विषय गुरू और शिष्य के अनूठे सामंजस्य को बताता है। विभाग की उर्वशी, निशा, आकृति, दामिनी, हेमा, संध्या ने मनोहारी रास-नृत्य प्रस्तुत किया है। नेहा-प्राची तथा तान्या और मेघा ने सुंदर युगल नृत्य का प्रदर्शन किया। बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा दृष्टि ने वेस्टर्न फ्यूजन किया। सौम्या रजक प्रथम सेमेस्टर ने एकल नृत्य की नयनाभिराम प्रस्तुति दी। विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि इस पावन दिवस पर वरिष्ठ छात्रायें, प्रथम वर्ष की छात्राओं का नृत्य-संगीत के साथ स्वागत करती हैं। इस माध्यम से नई छात्राओं की हिचक कम होती है और उनके व्यक्तित्व में परिवर्तन आता है। इस अवसर पर डॉ. के. एल. राठी (वाणिज्य), तृप्ति खरे (मूर्तिकला), प्रियंका बारला (इतिहास), ईशा देशमुख (कम्प्यूटर) सहित विभाग की छात्रायें उपस्थित थी।





## सेक्टर स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

महाविद्यालय द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय अन्तरमहाविद्यालयीन शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे दिन चतुर्थ एवं पंचम चक्र के मैच खेले गये। सर्वाधिक $15^{1/2}$ अंक प्राप्त कर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय की टीम प्रथम स्थान पर रही। टीम के खिलाड़ी भूमि सेन, अंशिका तिवारी, अन्नु डडसेना, रूचि वर्मा एवं टीम मैनेजर श्री लक्ष्मणेन्द्र कुलदीप थे। शैलदेवी महाविद्यालय $14^{1/2}$ अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा। टीम के खिलाड़ी इस प्रकार थे - पूनम देशमुख, लक्ष्मी साहू, चेतना साहू, हितेश्वरी साहू और टीम मैनेजर श्री गोविन्द देशमुख थे। शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा की टीम 13 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही टीम के खिलाड़ी इस प्रकार थे- चन्द्रलेखा, विद्या साहू, इमलेख साहू, टेसवानी साहू थे। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण डॉ. डी.सी. अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य एवं डॉ. रमेश त्रिपाठी क्रीड़ाधिकारी पर्यवेक्षक तथा डॉ. सुषमा यादव के द्वारा संपन्न हुआ। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह, ट्राफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी ने किया। निर्णायक श्री गिरधर लाल देशमुख, श्री गोविन्द देशमुख, श्री मिथलेश बंजारे थे। डॉ. दुबे ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 21 एवं 22 सितम्बर को शैल देवी महाविद्यालय अण्डा में खेली जायेगी, प्रतियोगिता के पहले 3 दिन का प्रशिक्षण शिविर महाविद्यालय में लगाया जायेगा। चयन स्पर्धा के पश्चात् दुर्ग सेक्टर की ओर से भूमि सेन, रूचि वर्मा- विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग, पूनम देशमुख-शैल देवी महाविद्यालय अण्डा, हिमानी देवांगन- सुराना कॉलेज दुर्ग, प्रेरणा मानकर- जगत गुरू शंकराचार्य महाविद्यालय हुडको भिलाई राज्य स्तरीय स्पर्धा में प्रतिनिधित्व करेंगे।



## डाक चौपाल कार्यशाला का आयोजन

महाविद्यालय में कम्प्यूटर साईंस विभाग के तत्वावधान में भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें श्री नितिन गोस्वामी (एसपी सबडिवजन), श्री कृष्णा मंडावी (रिलेशनशीप मैनेजर), श्री प्रेमराज जाचक (पी.आर.आई.पी.) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। श्री नितिन गोस्वामी ने डाक विभाग के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को विस्तारपूर्वक बताया। आर.डी. स्कीम, सुकन्या योजना, बचत एवं बीमा तथा सेविंग एकाउन्ट आदि श्री प्रेमराज जाचक ने अपने संबोधन में बताया कि सार्वजनिक भविष्य निधि, आईपीपीबी मोबाईल बैंकिंग ऐप के माध्यम से डाकघर की योजनाओं और बीमा प्रीमियम का त्वरित तथा आसान भुगतान को सावधानी पूर्वक उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री जागृत ठाकुर, सहायक प्राध्यापक, कम्प्यूटर एप्लीकेशन ने किया। छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थी।







## " Nasha Mukta Bharat Movement"

Poster making and Essay writing Competition had been conducted on the topics "Nasha Mukta Bharat Movement" in Govt. Dr.W.W. Patankar Girls' PG College. 36 Participents participated in it out of which 25 Participants were of Essay writing and 09 were of Poster Making.

**Result of Essay Writing :-**

1 Mahak Afroj M.A. –I Sem. English – I Position
2 Veena Sahu M.A. – I Sem. Sociology – II Position
3 Sakshi Sahu B.Sc.-II Yr. Microbiology – III Position

**Result of Poster Making:-**

1 Nidhi Khairwar B.Com.-III Computer Application – I Position
2 Sanchita Yadav B.Sc.-I Microbiology – II Position
3 Tanya Haldar B.Sc.- III Biology – III Position

Principal Dr. D.C. Agrawal and Professors of the college has appreciated all the participants and encouraged them for their participation. The competition had been organized by the Nodal Officer of **"Nasha Mukta Bharat Movement"** Assistant Professor, Department of English, Smt. Vandana Banjare.





## मधुमेह दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

गृहविज्ञान विभाग के तत्वावधान में मधुमेह दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि इस व्यापक बीमारी से निपटने और किशोरों और व्यस्कों मे मधुमेह के बढ़ते जोखिम को रोकने के लिए ''बाधाओं को तोड़ता, अंतरालों को पाटना'' की थीम को लेकर इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह फाण्डेशन की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि यह रोग बड़ी चिंता का विषय बन गया है और आवश्यक है कि प्रारंभिक अवस्था में मधुमेह प्रबंधन और रोकथाम के लिए शिक्षित किया जाये।



## कम्प्यूटर साईन्स विभाग द्वारा विश्वकर्मा जयंती का आयोजन

महाविद्यालय में विश्वकर्मा जयंती के अवसर महाविद्यालय के कम्प्यूटर साईंस विभाग द्वारा विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक श्री गणेश राम नायक (कम्प्यूटर साईंस विभागाध्यक्ष) सहायक प्राध्यापक श्री जागृत ठाकुर, श्रीमती नीकू साहू एवं बी.एस.सी. कम्प्यूटर साईंस, बी.कॉम. कम्प्यूटर एप्लीकेशन व पीजीडीसीए की छात्रायें उपस्थित थे। इस अवसर पर कम्प्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वकर्मा जी के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें भी सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये लगन, नियमित प्रयास करना चाहिए। जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये, इसके अलावा विश्वकर्मा जी से प्रेरणा लेकर भविष्य में सफल होने के बारे में भी चर्चा की गई। तत्पश्चात् प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने विश्वकर्मा जी के कार्यों का उल्लेख करते हुये उनकी जीवनी का संक्षिप्त में व्याख्यान दिया। भगवान विश्वकर्मा जी ने इन्द्रपुरी, द्वारिका, हस्तीनापुर, स्वर्ग लोक आदि का निर्माण किया, उसी तरह सभी विद्यार्थी अपने जीवन में कुछ अच्छा प्राप्त करने हेतु आगे बढ़ें। इसके साथ ही उन्होनें छात्राओं को उनके भविष्य के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया। कम्प्यूटर साईंस विभाग की छात्राओं द्वारा भी विश्वकर्मा जी के जीवनकाल एवं कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन श्री गणेश राम नायक एवं आभार प्रदर्शन श्री जागृत ठाकुर ने किया।






## शासकीय कन्या महाविद्यालय ने जीती बैडमिंटन चैम्पियनशीप

भिलाई महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग सेक्टर स्तरीय महाविद्यालयीन बैडमिंटन (महिला) प्रतियोगिता में अपने पुल की सभी टीमों को एकतरफा हराकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग फाईनल में पहुँचा एवं फाईनल में भिलाई महिला महाविद्यालय को परास्त कर विजेता बना।



इस प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों ने हिस्सा लिया था। कन्या महाविद्यालय का प्रथम मैच कल्याण महाविद्यालय सेक्टर-7 के बीच खेला गया जिसमें 2-0 से कन्या महाविद्यालय विजयी हुआ। दूसरा मैच सेंट थामस महाविद्यालय रूआबांधा के बीच हुआ जिसमें कन्या महाविद्यालय 2-0 से विजेता रहा। सेमीफाईनल शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय बालोद के विरूद्ध खेला गया, जिसमें बालोद की स्तुति ने कन्या महाविद्यालय दुर्ग की अदिति अग्रवाल को 2-0 से परास्त किया, डबल्स में कन्या महाविद्यालय की रमा एवं अदिति की जोड़ी ने बालोद की स्तुति एवं अनुष्का को 2-0 के सीधे सेटों से परास्त किया। द्वितीय सिंगल्स में रमा दत्ता ने बालोद की अनुष्का को 2-0 के सीधे सेटों से परास्त कर फाईनल में प्रवेश किया। फाईनल मैच में कन्या महाविद्यालय की अदिति ने वनिशा 21-7, 21-8 को परास्त किया। डबल्स में कन्या महाविद्यालय की रमा दत्ता और अदिति ने महिला महाविद्यालय की वनिशा एवं दीक्षा की जोड़ी को 21-2, 21-3 से परास्त कर फाईनल जीतकर ट्राफी अपने नाम की। कन्या महाविद्यालय की टीम में रमा दत्ता (कप्तान) अदिति अग्रवाल, दामु कावेरी, हेमा सिंह तथा टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे थी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल, क्रीड़ा समिति की संयोजक डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## महाविद्यालय में पात्रा कार्पोरेशन द्वारा प्लेसमेन्ट

दिनांक 18/09/2024 को महाविद्यालय में प्लेसमेन्ट एवं कॅरियर काउसिलिंग सेल द्वारा रायपुर स्थित मल्टी नेशनल कंपनी ''पात्रा कार्पोरेशन'' द्वारा प्लेसमेन्ट ड्राइव आयोजित की गई। कंपनी के जनरल मैनेजर श्री विकास त्रिपाठी ने कंपनी की स्थापना से लेकर कंपनी के रोजगार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विषयों की स्नातकोत्तर छात्राओं ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की गई। प्रथम चरण में समस्त छात्राओं को ग्रुप में बांटकर समूह चर्चा आयोजित की गई। प्रत्येक ग्रुप को एक-एक विषय दिया गया। उक्त चरण में चयनित 30 छात्राओं का इंटरव्यू लिया गया। अंतिम चरण में उक्त चयनित छात्राओं का Computer Skill/Language में Command etc. Virtual Test लेकर फाईनल सलेक्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्लेसमेन्ट सेल प्रभारी डॉ. अनिल जैन, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता गुप्ता एवं भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव उपस्थित थे।





## राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण

राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा विधानसभा की कार्यवाही देखने हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में शैक्षणिक भ्रमण की सम्पूर्ण व्यवस्था संपादित हुई। उन्होनें छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु अग्रिम शुभकामनाएँ प्रदान की। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के रजत जयंती पर्व पर विधायकों द्वारा किये गए प्रश्नकाल की गतिविधियों का छात्राओं ने अवलोकन किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। छत्तीसगढ़ की चिकित्सीय समस्याओं से संबंधित जानकारी प्रदान की। नेता प्रतिपक्ष श्री चरणदास महंत ने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा से परिवहन से संबंधित अनेक समस्याओं से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका उपमुख्यमंत्री ने संतोषजनक जवाब दिया। इसके पश्चात् छात्राओं ने विधानसभा के पुस्तकालय एवं स्मृतियों से जुड़ी हुई संग्रहालय का अवलोकन किया। दुर्ग शहर विधायक माननीय गजेन्द्र यादव से सौजन्य भेंट हुई। उन्होनें छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा की कार्यवाही से प्रेरित होकर, आप सब भी देश सेवा, समाज सेवा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के उत्थान के लिए कार्य करे, अपने माता-पिता, संस्था एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता पद्मश्री श्री अनूज शर्मा, विधायक धरसींवा से मिलकर छात्रायें अत्यन्त प्रसन्न हुई। श्री हेमन्त यदु, श्री संतोष सोनी ने विधानसभा की समस्त कार्यवाही में विशेष योगदान दिया। विधानसभा की कार्यवाही के पश्चात् पुरखौती मुक्तांगन का भ्रमण किया गया। जिसमें छात्रायें छत्तीसगढ़ अंचल की कला एवं संस्कृति से परिचित हुए। डॉ. सुषमा यादव राजनीतिशास्त्र विभाग की प्रभारी के कुशल मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, कु. रश्मि नौरंगे एवं श्री विजय चन्द्राकर ने शैक्षणिक भ्रमण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।




## गर्ल्स कॉलेज में ''गुरू संग गोठ''

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ''गुरू संग गोठ'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि सम-सामयिक मुद्दों पर आधारित गुरू संग गोठ एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिसमें छात्राएँ एवं प्राध्यापक खुलकर समस्या, कारण एवं निवारण पर चर्चा करते है। ''नारी सुरक्षा पर उठते सवाल'' पर आधारित इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने साईबर क्राईम के प्रति जागरूक एवं सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। विषय - विशेषज्ञ डॉ. सुषमा यादव ने आंकड़ों के साथ महिलाओं से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान की। डॉ. मुक्ता बाखला ने महिलओं पर होने वाले विभिन्न उत्पीड़न एवं उनसे बचाव पर चर्चा की। कविता मालेकर, अर्चना, रोशनी, लुबना एवं शेख साहिबा ने  अपने विचार व्यक्त किये। महिला प्रकोष्ठ की डॉ. मोनिया राकेश सिंह एवं श्रीमती ज्योति भरणे ने छात्राओं की सुरक्षा के उपाय सुझाये। कार्यक्रम का संचालन तबस्सुम अली और धन्यवाद ज्ञापन माज़दा खातुन ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी।




## नवरात्रि के पावन अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

महाविद्यालय में देसी-डे तथा नवरात्रि के पावन अवसर पर चित्रकला तथा मूर्तिकला विभाग द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अलग-अलग विभागों के छात्राओं ने चित्रकला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का विषय माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित था तथा चित्रकला A3 आकार में बनाना सुनिश्चित किया गया था। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सुनीता गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग, डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. मिलिन्द अमृतफले, सहायक प्राध्यापक, संगीत थे। निर्णायकों ने छात्राओं के द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की तथा सभी चित्रों का निष्पक्ष रूप से निर्णय किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन किया तथा नवदुर्गा आधारित विषय पर अपने विचार रखे। महाविद्यालय में इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की, तथा छात्राओं को दिशा निर्देश दिए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. मधु निर्मलकर बी.कॉम. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कु. रिया बारले एम. ए. तृतीय सेमेस्टर अंग्रेजी, तृतीय स्थान कु. श्रेया चौबे एम.एस.सी. रसायन शास्त्र, तथा सांत्वना पुरस्कार कु. तुलेश्वरी एम.ए. प्रथम सेमेस्टर रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका  डॉ. ऋचा ठाकुर, विभागाध्यक्ष, नृत्य विभाग के मार्गदर्शन में अतिथि शिक्षक सहायक तृप्ति खरे, मूर्तिकला विभाग तथा निर्वेर साहू, चित्रकला विभाग ने सफलतापूर्वक प्रतियोगिता का आयोजन किया।




## गांधी जयंती के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता

महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन में छात्राओं की भूमिका प्रमुख है तथा उनके अंदर की छिपी प्रतिभा सामने आती है। इस प्रतियोगिता में एम.ए. प्रथम वर्ष की एलेक्सा अंजुम प्रथम तथा पीहुल सोनबेर एवं पायल यादव क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक तृप्ति खरे, सहायक अतिथि शिक्षक, मूर्तिकला और निर्वेर साहू, सहायक प्राध्यापक, चित्रकला थे। डॉ. ऋचा ठाकुर, विभागाध्यक्ष, नृत्य विभाग के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम के संयोजन में प्रियंका बारला, सहायक प्राध्यापक, इतिहास ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




## "Montreal Protocol : Advancing Climate Action"

Department of Chemistry and aquaclub organized the poster and slogan competition on "International Ozone Layer Conservation Day" on 16 september 2024 at Govt. Dr.W.W. Patankar Girls' PG College, Durg. Total 28 Poster & 09 Slogan or 37 participants were received. This event offered opportunities to the participants & share their thoughts. The event owes its success to the guidance of Incharge Principal Dr. D.C. Agrawal, HOD of Chemistry Dr. Sunita Gupta and event in-charge Dr. Yasmeen F. Pervez. Also the hard work put in by the entire chemical association team led by event co-ordinator Dr. Lakshita Dewangan and Co-coordinator Ms. Madhu Chandrakar. Dr. M.L. Prasuna and Dr. M. Shoeb from department of Botany and Zoology, respectively being the experts for this session. E-certificates were distributed to all the participants and best 3 posters and slogans winners name are:-

**Poster Winners –**

1. Shreya Choubey – M.Sc.- III Sem (Chemistry)
2. Dolly Deshmukh – B.Sc.-III year (Bio)
3. Sanjana Meshram – B.Sc.-III year (Bio)

**Slogans Winners –**

1. Rekha – M.Sc.- I Sem (Chemistry)
2. Ragini Barman – B.Sc.-II year (Microbio)
3. Taniya Haldar – B.Sc.-III year (Bio)



## काउंसिलिंग मेला

महाविद्यालय में आज दिनांक 25/10/2024 को खालसा पब्लिक स्कूल, दुर्ग के सौजन्य से काउंसिलिंग मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेले में महाविद्यालय की 81 छात्राओं ने रोजगार मेले में अपना पंजीयन करवाया।






## राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उन्होनें छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय की एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे औपचारिक रूप से 24 नवंबर 1969 को शुरू किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं का विशेष योगदान रहता है। स्थापना दिवस पर छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ किया जिससे कि महाविद्यालय की छात्राएँ जागरूक हों और लोगों को भी जागरूक कर सके। छात्राएँ प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानन्द एवं महात्मा गाँधी के सिद्धान्तों और उनके आदर्शों पर चलकर सक्रियता के साथ स्वच्छता अभियान चला रही हैं जो अत्यन्त सराहनीय है। डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि छात्राओं के द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान सामान्य नागरिकों के लिये भी प्रेरणादायक है जिससे कि वे अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ और सुन्दर बना सकेंगे। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ. ऋतु दुबे, श्री विमल यादव एवं श्री विजय चन्द्राकर एवं कु. खुशबू साहू, कु. पूर्वी, कु. गोदावरी, कु. ममता, कु. यशस्वी, कु. चंचल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आरती सिंह राठौर ने किया।







## नेल आर्ट कार्यशाला संपन्न

महाविद्यालय के स्किल डेवलपमेन्ट सेल द्वारा संचालित हुनर के अंतर्गत नेल आर्ट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। धानी नेल सैलून एंड एकेडमी भिलाई की संचालिका श्रीमती मीना पालीवाल विषय-विशेषज्ञ ने छात्राओं को प्रशिक्षित किया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि वर्तमान युवा पीढ़ी पर्सनल ग्रोमिंग के प्रति अधिक जागरूक है। अतः ग्रूमिंग एवं फैशन से संबंधित समस्त जानकारी एवं कौशल स्वयं के लिए तो उपयोगी है ही, अपितु ये रोजगार के रूप में भी बहुत सफल है। अतः ये रोजगार उन्मुखी कौशल, आर्थिक स्वावलम्बन एवं सशक्तिकरण करते है। प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने महाविद्यालय द्वारा छात्रहित में लगातार हो रहे कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी, साथ ही इनका भरपूर लाभ लेने की सलाह दी। कार्यशाला में नेल्स, ब्रश, टूल्स ड्राई, मेनीक्योर, जेल एप्लीकेशन, प्रोफेशनल पोर्टफोलीयो आदि की जानकारी दी। श्रीमती मीना पालीवाल ने स्टार्ट-अप लोन, मार्केटिंग के गुर भी सिखाये। कौशल विकास की इस कार्यशाला में 150 छात्राओं ने भाग लिया।






## अर्थशास्त्र विभाग में परिषद गठन एवं अन्तरविभागीय व्याख्यान का आयोजन

महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग में परिषद गठन एवं अन्तरविभागीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। एम.ए. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति में परिषद के कार्यकारिणी सदस्यों को मनोनित किया गया एवं पदाधिकारियों ने अपने पद की शपथ ली। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अर्थशास्त्र विभाग की छात्राएँ अपने अध्ययन कार्य के अतिरिक्त सभी महाविद्यालयीन गतिविधियों में सहभागिता देने के साथ-साथ परिषद गठन का उद्देश्य एवं महत्व को बताते हुए छात्राओं को अपनी योग्यता विकसित कर संवैधानिक पदों पर जाने हेतु प्रेरित किया तथा परिषद के मनोनित सदस्यों को शुभकामनाएँ दी। अंतरविभागीय व्याख्यान के अन्तर्गत भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने भूगोल एवं अर्थशास्त्र के अंतर्संबंध पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि किसी भी देश का आर्थिक विकास, यातायात संचार माध्यम एवं देश में निहित आर्थिक संसाधनों पर निर्भर करता है। परिषद की प्रभारी डॉ. मुक्ता बाखला एवं डॉ. दीपक कश्यप ने सभी छात्राओं को परिषद के माध्यम से सेमीनार, पावर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन एवं पोस्टर प्रजेन्टेशन में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

परिषद के मनोनित सदस्य :-

अध्यक्ष - कु. सबीना परवीन- एम.ए. तृतीय सेमेस्टर
सचिव - कु. तृप्ति साहू - एम.ए. प्रथम सेमेस्टर
सहसचिव - कु. दीप्ति ठाकुर - एम.ए. प्रथम सेमेस्टर
कोषाध्यक्ष - ट्विंकल यादव - एम.ए. तृतीय सेमेस्टर





## राजनीतिशास्त्र विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग में परिषद गठन

महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र और समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं को विभागीय छात्र परिषद का गठन कर नव-निर्वाचित पदाधिकारी को डॉ.मोनिया राकेश सिंह (विभागाध्यक्ष-समाजशास्त्र) द्वारा शपथ दिलाई गई। राजनीति शास्त्र विभाग परिषद में अध्यक्ष के पद पर कु. पुष्पलता साहू, उपाध्यक्ष- कु.उषा साहू, सचिव-कु.तामेश्वरी भुआर्य, सह-सचिव-कु.खिलेश्वरी और समाजशास्त्र विभाग में अध्यक्ष-कु. रोशनी पटेल, उपाध्यक्ष -कु.राजकुमारी, सचिव पद पर कु.अर्चना सह-सचिव के रूप में कु.मिताली को शपथ दिलाई गई। छात्र परिषद के गठन का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता का विकास करना, उन्हें योगदान के लिए प्रेरित करना, विभाग और छात्रों के बीच समन्वय स्थापित करने, शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन, सामाजिक राजनीतिक मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम, नेतृत्व, कौशल-विकास, राजनीतिक प्रक्रियाओं, लोकतांत्रिक सिद्धांतों और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए छात्रा के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। इस अवसर पर राजनीतिशास्त्र एवं समाजशास्त्र विभाग की छात्राएँ तथा कु. माज़दा खातून सहित प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. खेमराज चन्द्राकर एवं आभार प्रदर्शन कु. रश्मि नौरेंगे ने किया।





## प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय वन्य जीव संरक्षण सप्ताह

महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत दो दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन दिनांक 07 एवं 08 अक्टूबर 2024 को किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं में पशु संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता फैलाना होता है। अतिथि व्याख्यान के अंतर्गत श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई की प्राणीशास्त्र, विभागाध्यक्ष, डॉ. सोनिया बजाज के द्वारा प्रतिरक्षा प्रणाली के बारे में बताया गया, जो सभी प्राणियों के लिये बहुत महत्वपूर्ण है, यह हमारे शरीर की कोशिकाओं, उतक एवं अंगों को विभिन्न प्रकार की सुरक्षा प्रणालियों के माध्यम से संक्रमणों से बचाकर शरीर की रक्षा प्रणाली के रूप में कार्य करती है। प्रतिरक्षा प्रणाली हानिकारक सूक्ष्म जीवों और अन्य रोगों को पैदा करने वाले रोगाणुओं सहित विदेशी प्रतिजनों को पहचान कर उन्हें नष्ट करने का कार्य करती है। छात्राओं ने बड़ी उत्सुकता से व्याख्यान को सुना और कई प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से अपनी व्याख्यान के प्रति रूचि प्रकट की। कार्यक्रम का संचालन कु. सृष्टि जलतारे एवं आभार प्रदर्शन कु. पल्लवी साहू ने किया।



## चित्रकला तथा मूर्तिकला विभाग द्वारा आर.बी.आई. कला प्रतियोगिता

महाविद्यालय में चित्रकला तथा मूर्तिकला विभाग द्वारा 30/09/2024 को आर.बी.आई के तत्वाधान में कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता महाविद्यालय के चित्रकला विभाग में प्रातः 11:00 से 2:00 के बीच कराई गई। प्रतियोगिता में अलग-अलग विभागों के छात्राओं ने चित्रकला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 16.3'' X 11.7'' आकार में बनाना सुनिश्चित किया गया था। प्रतियोगिता का विषय निम्नलिखित है- (अ) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) (ब) RBI और भारत में इसका योगदान (स) RBI और नवाचार। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन किया तथा भारतीय रिजर्व बैंक का भारत में योगदान विषय पर अपने विचार रखें तथा महाविद्यालय में प्रतियोगिता आयोजन की सराहना की उन्होनें छात्राओं को इस विषय पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। प्रतियोगिता के निर्णायक अतिथि शिक्षण सहायक तृप्ति खरे, मूर्तिकला विभाग तथा निर्वेर साहू, चित्रकला विभाग थे। निर्णायकों ने छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की तथा सभी चित्रों का निष्पक्ष रूप से निर्णय किया। आर.बी.आई. कला प्रतियोगिता 2024 के विवरणिका अनुसार छात्राओं द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट चित्रों को स्कैन करके उल्लेखित आर.बी.आई. की ईमेल आईडी में भेजा गया। उत्कृष्ट चित्र - कु. अंकिता बी.ए. द्वितीय वर्ष, कु. होनिका यादव बी.ए. द्वितीय वर्ष द्वारा बनाए गए। संयोजक श्री गणेश राम नायक, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस विभाग के निर्देशानुसार सफलतापूर्वक इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



## राजनीतिशास्त्र विभाग में शिक्षक दिवस का आयोजन

महाविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजनीतिशास्त्र विभाग की प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्रायें उपस्थित थी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन न केवल शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का है, बल्कि यह हमें शिक्षा की महत्ता और शिक्षक के योगदान को समझने का भी मौका देता है। विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने बताया कि शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि उनके चरित्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं, वे विद्यार्थियों के लिए आदर्श और प्रेरणा का स्रोत होते हैं। इस दिन, छात्र अपने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर प्राप्त करते हैं, और समझते हैं कि शिक्षक उनके जीवन में कितने महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ. खेमराज चन्द्राकर एवं आभार प्रदर्शन कु. रश्मि नौरंगे ने किया। इस अवसर पर विभाग की छात्रायें उपस्थित थी।




## समाजशास्त्र विभाग में शिक्षक दिवस का आयोजन

महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग की प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्रायें उपस्थित थी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित किया एवं शिक्षक दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा है। यह दिन भारत के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक, और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिया राकेश सिंह ने बताया कि शिक्षक दिवस हमारे शिक्षकों को शिक्षा में योगदान के लिए याद किया जाता है। शिक्षक दिवस ममाने का उद्देश्य शिक्षकों की सराहना करना है। शिक्षक हमारे जीवन को नई शिक्षा देते है और बेहतर भविष्य का निर्माण करते हैं। शिक्षक हमें सीखने, बढ़ने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कु. माजदा खातून ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग की विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।



## ''अंतर पीढ़ी की समझ'' विषय पर गोष्ठी

महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में विभिन्न पीढियों के बीच सम्मान और समझ विकसित करने तथा बुजुर्गो के प्रति प्रेम-स्नेह को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय में ''अंतर पीढ़ी की समझ'' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जी. आर. साहू पूर्वप्राचार्य, शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई को आमंत्रित किया गया। अतिथि वक्ता ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं में नैतिक मूल्यों के विकास तथा जीवन जीने की कला विकसित कर लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया, साथ ही संयुक्त परिवार के महत्व को समझाते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने एवं बड़ों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विषम परिस्थितियों में अपने आपको कैसे संयमित रखा जाय, इस पर रोचक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अतिथि वक्ता द्वारा अपनी बात रखी गई। उन्होनें छात्राओं के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का अत्यंत सहजता के साथ समाधान किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने उक्त गोष्ठी में अपने विचार रखे, उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव का लाभ लेते हुए हमे अपनी मंजिल की ओर अग्रसर होना चाहिए, जिससे सफलता अवश्य संभव है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजू लता साव सहा. प्रा. वाणिज्य ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।



## पिंक अक्टूबर का आयोजन

महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस के तत्वावधान में पिंक अक्टूबर का आयोजन किया गया। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि महिलाओं में होने वाले विभिन्न प्रकार के कैंसर की जानकारी एवं जागरुकता हेतु पिंक अक्टूबर माह मनाया जाता है, उन्होंने आगे कहा की विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन के अनुसार ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में होने वाली सबसे सामान्य बीमारी है जो कोशिकाओं की अनियमित बढ़ोतरी के कारण होती है। साथ ही यह भी ज़रूरी नहीं कि हर गाँठ कैंसर हो। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि पिछले पाँच साल के आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में कैंसर से होने वाली मृत्यु का आंकड़ा भी बढ़ा है अतः इसकी जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, साथ ही सही समय पर सही इलाज इस रोग को समाप्त कर सकता है। डॉ. मोनिया राकेश सिंह ने कुछ विशेष लक्षणों की जानकारी दी, जिन्हें महिलाओं को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। डॉ. तोशीना तेलंग ने कैंसर पीड़िताओं हेतु खानपान में परिवर्तन समझाए, उन्होंने कहा कि रोगी के उपचार, रिकवरी और सम्पूर्ण स्वास्थ्य को पोषण प्रभावित करता है। डॉ. अनामिका वस्त्रकार ने बताया कि महीने में एक बार सेल्फ एग्जामिनेशन करना महत्वपूर्ण है। ऐसा करने से सामान्य लक्षणों को पहचानने लगेंगे और किसी बदलाव पर तुरंत ध्यान दे पाएंगे। यदि आपको असमान्य लक्षण दिखाई देते हैं या महसूस होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें। प्रारंभिक चरण में कैंसर का पता चलने से इसका उपचार आसान हो सकता है। सेल्फ एग्जामिनेशन सभी प्रकार के कैंसर का पता लगाने के लिए पर्याप्त नहीं है, लेकिन यह एक शुरूआती कदम हो सकता है जो कैंसर की समय रहते पहचान में मदद करता है कार्यक्रम का संचालन सुश्री तबसस्सुम अली ने किया। इस अवसर पर अधिक संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं उन्होंने प्रश्नों के माध्यम से कैंसर रोग से संबंधित जानकारी ली ।






## महाविद्यालय की ग्रीन आर्मी ने चलाया स्वच्छता अभियान

महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ग्रीन आर्मी ने महाविद्यालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई कर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। अर्थशास्त्र विभाग की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राएँ पिछले तीन वर्षों से ग्रीन आर्मी के रूप में महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दे रही है और अन्य छात्राओं के लिए प्रेरक का काम कर रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल छात्राओं के मध्य उपस्थित होकर उनके इस प्रयास की सराहना की। अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. मुक्ता बाखला एवं डॉ. दीपक कश्यप के मार्गदर्शन में छात्राएँ सप्ताह में एक दिन अपनी कक्षाओं के साथ-साथ अन्य छात्राओं को परिसर की स्वच्छता एवं उद्यान की हरियाली को लेकर प्रोत्साहित करती है। अर्थशास्त्र परिषद की अध्यक्ष कु. सबीना परवीन विशेष रूप से विभाग की छात्राओं को समय-समय पर महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश देती है। ग्रीन आर्मी की कु. कोमल देवांगन, ट्विकंल यादव, शालिनी, तृप्ति साहू, दिप्ति ठाकुर, चंचल यादव, मानसी, शालिनी दिवाकर, सरस्वती एवं अंजली बंसल का स्वच्छता अभियान में विशेष सहयोग रहा।



## गर्ल्स कॉलेज में रक्तदान-महादान कार्यक्रम का आयोजन

महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय दुर्ग में किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जिलाधीश महोदया सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने स्वयं रक्तदान कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है इससे किसी प्रकार की शारीरिक हानि नहीं होती बल्कि इससे कई चिकित्सीय लाभ मिलते हैं। हमेशा पौष्टिक आहार लेने से शरीर में रक्त का स्तर अच्छा रहता है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान से हीमोग्लोबिन नियंत्रित रहता है, व्यक्ति दिल के दौरे और हृदय संबंधी दुर्घटनाओं के जोखिम से बचा रहता है। यूथ रेड क्रॉस की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि रक्तदान के संबंध में लोगों में अनेक भ्रांतियाँ होती है किन्तु रक्तदान से शरीर की ताजा रक्त कोशिकाओं के उत्पादन की क्षमता बढ़ाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि स्वस्थ लोगों द्वारा किये गये रक्तदान का उपयोग जरूरतमंद लोगों को रक्त चढ़ाने के लिए किया जाता है। जनसंख्या में बढ़ती जा रही बीमारियों आदि से खून चढ़ाने की जरूरत में कई गुणा वृद्धि हुई है। अतः जीवनदायी रक्त को एकत्रित करने का एकमात्र उपाय रक्तदान है। अतिथि प्राध्यापक डॉ. आरती सिंह राठौर तथा कु. वर्षा खुटेल, कु. याशी, कु. मोनिका साहू आदि छात्राओं ने रक्तदान किया। श्री विमल यादव का विशेष योगदान रहा।




## एमओयू के तहत कार्यशाला आयोजित

महाविद्यालय में कम्प्यूटर साईंस विभाग के द्वारा एविश एड्यूकॉम दुर्ग के मध्य एमओयू के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक एवं एविश एड्यूकॉम दुर्ग के रिसोर्स पर्सन उपस्थित थे। इस कार्यशाला से आईटी के क्षेत्र में छात्राओं को तैयार करने के लिए एक प्रभावी कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईटी कौशल विकास में छात्राओं को हॉर्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग, प्रोग्रामिंग, वेब डेव्लपमेन्ट, क्लाउड कम्प्यूटिंग, फैशन डिजाईनिंग और टैली जैसी नई तकनीकों के बारे में एविस एड्यूकॉम द्वारा बताया गया। इस प्रकार एविश एड्यूकॉम का हिस्सा और रूचि रखने वाले छात्राओं को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक और पेशेवर कौशल भी एविश एड्यूकॉम के द्वारा प्रदान किये जायेंगे जो उन्हें आईटी क्षेत्र में सफलतापूर्वक कॅरियर बनाने में मदद करेगा। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक एवं आभार प्रदर्शन श्री जागृत ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थी।






## प्रीति साहू कन्या महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष बनी

विगत दिनों जिले के प्रभारी मंत्री माननीय श्री विजय शर्मा की अनुशंसा एवं जिलाधीश दुर्ग के आदेशानुसार शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष के रूप में श्रीमती प्रीति साहू को नामांकित किया गया है। श्रीमती प्रीति साहू वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा (कसारीडीह) की महामंत्री है। लम्बे समय के इंतजार के बाद जनभागीदारी समिति के गठन होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। श्रीमती प्रीति साहू के नेतृत्व में 11 सदस्यीय समिति का गठन होगा जिसमें सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के भी प्रतिनिधि महाविद्यालय के विकास हेतु अपना योगदान देगें। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष से उनकी औपचारिक मुलाकात हुई है और जल्द ही समिति का गठन कर पहली बैठक आहूत की जायेगी। उन्होनें महाविद्यालय की वर्तमान स्थिति पर प्रभारी प्राचार्य से औपचारिक चर्चा के दौरान महाविद्यालय के विकास हेतु अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है।



## डॉ. ऋचा ठाकुर संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बनी

महाविद्यालय में लगातार 30 वर्षों तक नृत्य विभाग में सेवाएँ देने के बाद अब शासन द्वारा उनकी नृत्य प्रतिभा को सम्मानित करते हुए प्राचार्य पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किये है। नवीन संगीत महाविद्यालय की जिम्मेदारी डॉ. ऋचा ठाकुर को दी गई है। डॉ. ऋचा ठाकुर लोक सेवा आयोग के माध्यम से 1993 में सहायक प्राध्यापक (भरत नाट्यम) के पद पर चयनित हुई एवं लगातार शोध कार्यों एवं प्रदर्शन कला में संलग्न रही है। 2016 में वह प्राध्यापक के रूप में पदोन्नत हुई। कन्या महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय के विकास में उनकी हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदर्शनात्मक कला में लगभग 40 शोधपत्र प्रकाशित हो चुके है एवं राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर आपकी नृत्य प्रस्तुति हुई है। छः विद्यार्थियों ने आपके मार्गदर्शन में शोध कार्य किये हैं। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय से कार्यमुक्त होकर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय के परिसर में संचालित शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय में पदभार ग्रहण कर चुकी है। कन्या महाविद्यालय के पूरे स्टॉफ एवं छात्राओं ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी है।



## गर्ल्स कॉलेज में प्रदर्शनी एवं सेल

महाविद्यालय में कौशल विकास के तत्वावधान में पारम्पारिक व्यंजनों-स्नैक्स की प्रदर्शनी एवं विक्रय का आयोजन किया गया। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि कौशल विकास के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है, तत्पश्चात निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं सेल का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत छात्राओं को पारपांरिक व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया एवं पैकिंग और मार्केटिंग की जानकारी हेतु महाविद्यालय में ही प्रदर्शनी एवं विक्रय की व्यवस्था की गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राएँ अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ भारतीय परम्पराओं एवं कलाओं में निपुण हो कर इन्हें रोजगार के रूप में अपना रही है। डॉ. तोशिना तेलंग, डॉ. पूजा सोनकर, डॉ. अनामिका वस्त्रकार एवं सुश्री तबस्सुम के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं ने परंपरागत व्यंजनों में वर्तमान आवश्याकतानुसार कुछ परिवर्तन कर आधुनिकता का समावेश किया। मूंगदाल चिप्स, पेपर/बटर मसाला बनाना चिप्स आदि प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण रहें। छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्राध्यापकों एवं स्टॉफ ने पकवानों की बढ़-चढ़कर खरीदी की।






## अंर्तराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर प्रतिभाशाली छात्रा संतोषी का सम्मान

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में रेडक्रॉस के तत्वाधान में अंर्तराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया। समाज में दिव्यांगजनों को सामान्य एवं बराबरी का दर्जा प्रदान करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज में समुचित एवं बराबरी का अधिकार प्रदान करना है। इसके माध्यम से नागरिकों को दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाता है। दिव्यांगजन के असक्षमता के मुद्दे पर नागरिकों का ध्यान खींचने एवं इनके द्वारा प्रतिदिन के जीवन में सहन की जा रही कठिनाईयों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने बताया कि इन विशेषजनों के लिए महाविद्यालय में विशेष सुविधाएँ उपलब्ध हैं, साथ ही महाविद्यालय परिवार के इन विशेषजनों ने अपने कार्यों से विशिष्ट पहचान बनायी है। वर्तमान में इस महाविद्यालय की दिव्यांग छात्राएँ समाज में अपनी सेवाएँ दे रही हैं और महाविद्यालय को गौरावान्वित कर रही है। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि इस वर्ष की थीम ''एक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए विकलांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देना'' है। सभी के लिए अधिक समावेशी और टिकाऊ दुनिया बनाने में विकलांग व्यक्तियों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए एक वैश्विक आह्वान है। हम सभी का नैतिक एवं मानवीय दायित्व बनता है कि अपने आसपास के सभी दिव्यांगजनों की सहायता करें एवं उनके साथ उचित एवं गरिमापूर्ण व्यवहार प्रदर्शित करें। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा संतोषी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 एम0 लक्ष्मी प्रसूना ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 तोशिना तैलंग ने किया।



## समाजशास्त्र विभाग में व्याख्यान कार्यक्रम

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के समाजशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान हेतु विषय विशेषज्ञ डॉ0 के0 एन0 दिनेश, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर को आमंत्रित किया गया। डॉ0 दिनेश ने अपने व्याख्यान में सामाजिक अनुसंधान की प्रक्रिया, तकनीक और व्यावहारिक जीवन में उसके महत्व को बारीकी से छात्राओं के बीच रखा। छात्राओं की जिज्ञासा और सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम का संचालन कु0 माजदा खातुन, सहायक प्राध्यापक ने किया तथा आभार प्रदर्शन समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 मोनिया राकेश ने किया।



## हिन्दी दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी परिषद् का गठन एवं हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी भाषा को राजभाषा की मान्यता दी। हिन्दी को राजभाषा बनाने में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का विशेष योगदान रहा है। हिन्दी विश्व स्तर की भाषा है, जो विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। भारत में लगभग 80 से 90 करोड़ लोग हिन्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। हिन्दी फिजी द्वीप की आधिकारिक भाषा है तथा सूरीनाम, गुयाना, मॉरिशस त्रिनिदाद में हिन्दी का प्रयोग क्षेत्रीय भाषा के रूप में किया जाता है। देश में बिहार पहला राज्य था जिसने सन् 1981 में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया। हिन्दी में ढाई लाख मूल शब्द है। हिन्दी का पहला टाइपराईटर 1930 में प्रारंभ हुआ। दुनिया की सबसे लम्बी कविता 'जल बचाव-कल बचाव' है, इसकी लेखिका ममता नौगरैया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान किया जाने वाला बुकर पुरस्कार 2022 में हिन्दी उपन्यास रेत समाधि की लेखिका गीतांजलीश्री को मिला। इस प्रकार उन्होंने विश्व में हिन्दी की समृद्धि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। श्रीमती ज्योति भरणे ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी भाषा ही नहीं अपितु हमारी संस्कृति की विरासत है। हिन्दी हमारी मातृभाषा है, हिन्दी हमारे भावों एवं संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का साधन है। हिन्दी हमारी अनमोल भाषा है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की छात्राएँ कु0 ज्योति बंजारे, कु0 भिनेश्वरी, कु0 कविता मालेकर, कु0 कविता ठाकुर, कु0 दिव्या चापड़े, कु0 अर्चना, कु0 नेहा ने अपने विचार रखे। जिन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती राठौर ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, विभागाध्यक्ष हिन्दी ने किया।




## मैनेजमेन्ट पर कार्यशाला

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में आज दिनांक 29.11.2024 को प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेन्स सेल द्वारा मैनेजमेन्ट पर एक कार्यशाला का आयोजन शिवालिक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एजुकेशन एण्ड रिसर्च, दुर्ग के सौजन्य से किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के संदर्भ में मैनेजमेन्ट में कैरियर की संभावनाएं बहुत ज्यादा है। शिवालिक इंस्टीट्यूट से आए विषय विशेषज्ञ श्री विनय भारद्वाज ने छात्राओं को विस्तार से 'मैनेजमेन्ट' की बारीकियों को समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सुनीता गुप्ता, सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री जागृत ठाकुर, सहायक प्राध्यापक कम्प्यूटर एप्लीकेशन ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दी।



## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा केन्द्रीय बजट पर व्याख्यान

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा केन्द्रीय बजट पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बजट का मतलब है आय और व्यय का लेखा-जोखा। सत्र 2024-25 के बजट में युवाओं की अपेक्षाओं एवं उनकी जरूरतों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है और युवाओं के विकास हेतु भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएँ बनायी गई है। इस साल के बजट में रोजगार कौशल, एम0 एस0 एम0 ई0 और मध्यम वर्ग पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। भारत का 2024 अंतरिम केन्द्रीय बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित राजस्व और सरकारी खर्च में व्यापक जानकारी प्रदान करता है। अर्थशास्त्र की प्राध्यापक डॉ0 मुक्ता बाखला ने कहा कि किसी प्रशासन (जैसे कि किसी राष्ट्र) की वित्तीय स्थिति का एक निश्चित अवधि के लिए विवरण, जो उस अवधि के दौरान व्यय के अनुमानों और उनके वित्त पोषण के प्रस्तावों पर आधारित होता है। एक अच्छा बजट आपको इस बात से अवगत करायेगा कि आपको कब कितना खर्च करना है और कब आपके पास कितने अतिरिक्त पैसे होंगे जिन्हें आप बजट में बदल सकते हैं। डॉ0 सुषमा यादव ने बजट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सत्र 2024-25 के बजट में सभी के लिए पर्याप्त अवसर पैदा करने के लिए सरकार ने नौ प्राथमिकताओं पर निरन्तर प्रयास की कल्पना की गई। बजट केवल सरकार के लिए ही उपयोगी नहीं है, अपितु घरेलू जिन्दगी में आम आदमी भी बजट बनाकर आय-व्यय को सन्तुलित कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती राठौर ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया।




## पर्सनल ग्रूमिंग कार्यशाला

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय पर्सनल ग्रूमिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग पर्सनल ग्रुमिंग के प्रति अत्यंत जागरूक है, और इसकी महत्ता को समझते हैं, एवं विशेषज्ञ के मार्गदर्शन से बेहतर लाभ उठा सकते हैं। प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया की पर्सनल ग्रूमिंग में किसी व्यक्ति को किसी विशेष उद्‌देश्य या गतिविधि के लिए तैयार करना, जिसके अंतर्गत शारीरिक बनावट की देखभाल करने और एक साफ, स्वच्छ और आकर्षक रूप बनाए रखने के अभ्यास को संदर्भित करना है। यह उन आदतों को विकसित करने के बारे में है, जो व्यक्तिगत स्वच्छता, उपस्थिति और समग्र कल्याण को बढ़ाती है। उच्च आत्म विश्वास और आत्म सम्मान बनाए रखने में ग्रुमिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विषय विशेषज्ञ सुश्री कंचन राऊत ने पर्सनल ग्रूमिंग टिप्स, महत्ता और लाभ की विस्तृत जानकारी दी। सौंदर्य विशेषज्ञ सुश्री ममता कुमार ने त्वचा, हेयर, वस्त्र चयन, हेल्दी डाइट आदि की जानकारी दी। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन सुश्री तब्बसुम अली ने किया।



## गृहविज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन

महाविद्यालय में गृहविज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह का आयोजन किया गया। गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने बताया कि आयोजन के प्रथम चरण में पोष्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, ग्रोथ मानिटरिंग वर्कशाप, ऑनलाईन वेबीनार में उपस्थिति, एनिमिया परिक्षण एवं पावर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन की प्रस्तुति दी। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। गृहविज्ञान की सहायक प्राध्यापक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल ने बताया कि एनिमिया विषय पर स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से छात्राओं ने पौष्टिक रक्ताल्पता के कारण, लक्षण एवं दूर करने के उपाय की जानकारी दी गई। एनिमिया परिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एम. एससी. गृहविज्ञान की छात्राओं ने रक्त परिक्षण द्वारा एनिमिया का पता लगाया। विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने "Food that helps to Heal Anemia" के माध्यम से रक्ताल्पता में आहारीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। ग्रोथ मॉनिटरिंग वर्कशाप के माध्यम से छात्राओं के बी.एम.आई., स्टैण्डर्ड हाईट वेट परीक्षण एवं समुदाय में पोषण आधारित रोगों का सर्वे किया साथ ही आवश्यक आहारीय प्रबंधन के बारे में बताया गया। विभाग के प्राध्यापकगण एवं छात्राएँ पोषण माह के अन्तर्गत "Nutritious Diet for Everyone" विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार में ऑनलाईन उपस्थित हुए। पोषण माह के विभिन्न आयोजनों में डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. तोशिना तेलंग, डॉ. पूजा सोनकर, डॉ. अनामिका वस्त्रकार एवं कु. तबस्सुम अली का विशेष योगदान रहा।



## मेरा युवा भारत, आउटरीच, अभिमुखीकरण कार्यशाला

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. ऋचा ठाकुर, प्राचार्य, संगीत महाविद्यालय दुर्ग थी। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ.डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ''माय भारत पोर्टल'' पहल की दृश्यता और पहुँच बढ़ाने के लिए यह केन्द्र सरकार की योजना है, अतः माय भारत पोर्टल पर हमें अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराकर देश हित के लिए कार्य करना चाहिए। अतिथि वक्ता डॉ. ऋचा ठाकुर ने मेरा युवा भारत एवं माय भारत पोर्टल के संबंध में छात्राओं को विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि ''मेरा युवा भारत'' भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय है जिसका उद्देश्य भारत के युवाओं को वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, नशा उन्मूलन, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, देश के महान पुरुषों से प्रेरणा लेकर, देश हित में कार्य करने, युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने, और देश 2047 तक विकसित भारत के विजन में योगदान करने में सक्षम बनाना है। इसलिए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं एवं अन्य छात्राओं को देश सेवा, समाज सेवा, व्यक्तित्व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। अतः माय भारत पोर्टल पर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराकर युवा विकास एवं युवा नेतृत्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। डॉ. अनुजा चौहान ने अतिथि वक्ता के द्वारा छात्राओं के उन्नयन के लिये किये गये महत्वपूर्ण अवदानों एवं सार्थक प्रयासों का उल्लेख करते हुए स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती राठौर ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया। डॉ.यशेश्वरी ध्रुव के मार्गदर्शन एवं डॉ मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे, मधु पाण्डेय के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



## महाविद्यालय की छात्राओं ने ईस्ट जोन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में परचम फहराया

बाबा भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर (बिहार) द्वारा एल0 एन0 मिश्रा इंस्टीट्यूट में आयोजित ईस्ट जोन विश्वविद्यालयीन महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के लिए भी गौरव की बात है कि इस महाविद्यालय की सात खिलाड़ी इस टीम में सम्मिलित थीं, जिनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के कारण टीम विजयी हुई। महाविद्यालय में बी0 ए0 द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत कु0 डी0 अनुशा को प्रतियोगिता का उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार एवं उनकी बहन डी0 कीर्ति को सर्वोच्च बास्केटबॉल अवार्ड से नवाजा गया। ज्ञात रहे कि डी0 कीर्ति अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले चुकी हैं। डॉ0 ऋतु दुबे ने बताया कि दोनों बहनों ने प्रतियोगिता में क्रमशः बिहार के विरूद्ध डी0 कीर्ति ने 06, रविशंकर के विरूद्ध 26, वर्धमान के विरूद्ध 17, कोलकाता के विरूद्ध 13, बी0 एच0 यू0 31, उत्कल के विरूद्ध 26। वहीं डी0 अनुशा ने बिहार के विरूद्ध 16, रविशंकर के विरूद्ध 19, वर्धमान के विरूद्ध 17, कोलकाता के विरूद्ध 15, बी0 एच0 यू0 14, उत्कल के विरूद्ध 17, महाविद्यालय के अन्य खिलाड़ियों का पूरी प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण योगदान रहा - रीतिका निषाद, कुल 28 अंक, जन्नत अली कुल 32 अंक, अर्चना निषाद कुल 18 अंक, डी0 अश्वनी कुल 20 अंक, ज्योति प्रजापति कुल 26 अंक अर्जित कर विजेता होने में अपना योगदान दिया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने बधाई दी एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएँ दी। क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ0 सुषमा यादव, डॉ0 लता मेश्राम, श्री विजय चन्द्राकर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई दी।




## महाविद्यालय की आठ हॉकी खिलाड़ी लेंगी ईस्ट जोन में हिस्सा

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या महाविद्यालय की आठ खिलाड़ियो का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की तरफ से अन्तर विश्वविद्यालय ईस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता संबलपुर विश्विद्यालय संबलपुर (ओडिशा) 11 से 16 नवम्बर तक आयोजित है। डॉ ऋतु दुबे क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय की राजेश्वरी सिन्हा (मिडफील्डर) सुमन गर्ग (गोलकीपर) जनवी यादव(सेंटर फॉरवर्ड) मीनाक्षी उमरे (मिडफील्डर) भूमिका धनकर (मिडफील्डर) सृष्टी गुप्ता (फॉरवर्ड) हर्षा गोडे (मिडफील्डर) निशा(मिडफील्डर) सम्मिलित है। जानवी, भूमिका, मीनाक्षी खेलों इंडिया में भी भाग ले चुकी हैं। राजेश्वरी, सुमन सीनियर नेशनल में भाग ले चुकी है। वही बाकी खिलाड़ी स्कूल नेशनल,ओपन नेशनल में हिस्सा ले चुके है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल, क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम ने महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी।



## देसी डे गरबा की धूम - नृत्यांजलि समूह अव्वल

महाविद्यालय में नवरात्रि पर्व के विशेष अवसर पर नृत्य विभाग द्वारा गरबा स्पर्धा का शानदार आयोजन किया गया। नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष गरबा स्पर्धा का आयोजन 2017 से निरंतर किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं की भागीदारी इसकी लोकप्रियता को प्रदर्शित करता है। विजेता समूहों को रनिंग ट्रॉफी के साथ पुरस्कार भी दिए जाते हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि हमारी संस्कृति, परम्परा को सहेजना और युवा पीढ़ी को परिचित कराना ऐसे आयोजन उसे सार्थक बनाते हैं। उन्होंने छात्राओं की बड़ी संख्या में सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदर्शनात्मक कला के विकास से व्यक्तित्व के विकास का उद्देश्य पूर्ण होता है। आज की स्पर्धा में नृत्यांजलि समूह ने सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि श्री जी डाँस ग्रुप एवं नवनिधि डाँस ग्रुप समूह क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। श्री गणेशाय नमः समूह को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं गुनगुन राऊत ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।







### फिटनेस विथ गरबा कार्यशाला

महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा ‘‘फिट इंडिया मूवमेंट के अन्तर्गत एक सप्ताह का ‘‘फिटनेस विथ गरबा’’ वर्कशाप का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल के सहयोग से यह सफल आयोजन किया गया। श्रीमती सुचित्रा चिलागिया गरबा कोरियोग्राफर एवं इवेन्ट ऑर्गनाइजर ने छात्राओं को पारम्परिक गुजराती गरबा की जानकारी देते हुए गरबा परिधान की भी जानकारी प्रदान की।




# कन्या महाविद्यालय की 36 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में परचम लहराया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 36 छात्राओं ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाकर पूरे संभाग में अपना परचम लहराया है। छात्राओं की इस शानदार सफलता पर नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने इन छात्राओं को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए सभी विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों को बधाई दी। उन्होनें कहा कि बिना प्राध्यापकों की मेहनत के इस स्तर की सफलता नहीं मिल सकती थी। इस वर्ष विशेष रूप से एम.एससी. वनस्पतिशास्त्र में कु. चंद्रमुखी, एम.एससी. गहविज्ञान (फूड न्यूट्रीशियन में कु. डॉली निषाद एवं एम.ए. गृहविज्ञान में कु. तृप्ति ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इनके अतिरिक्त प्रावीण्य सूची में एम.एससी. प्राणीशास्त्र में 03 छात्राएँ कु. युगलक्ष्मी-पंचम, कु. लाईबा नूर-षष्ठम्, कु. श्रुति आदित्य-अष्टम् एवं एम.एससी. गणित में कु. डॉली देशमुख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एम.ए. अर्थशास्त्र में कु. वंदना शर्मा ने 10वाँ स्थान प्राप्त किया। एम.ए. हिन्दी में 02 छात्राएँ - कु. अभिषा देवांगन-चतुर्थ, कु. लीना गावड़े ने अष्ठम् स्थान प्राप्त किया। एम.ए. भूगोल में 04 छात्रायें - कु. खिलेश्वरी-द्वितीय स्थान, कु. निलिमा-षष्ठम स्थान, कु. मानसी नेताम-अष्ठम्, कु. नम्रता बंजारे ने नवम् स्थान प्राप्त किया। एम.ए. राजनीतिशास्त्र में कु. अंजली ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। एम.ए. समाजशास्त्र में कु. पायल- सप्तम स्थान प्राप्त किया। एम.कॉम. में कु. दामिनी ने सातवाँ स्थान प्राप्त किया। गृहविज्ञान संकाय की छात्राओं ने भी प्रावीण्य सूची में विशेष स्थान प्राप्त किया है। एम. एससी. गृहविज्ञान के 07 स्थानों में महाविद्यालय की छात्राओं में कु. डाली निषाद, कु. आईनी धृतलहरे, कु. तोमिन, कु. रिया तिवारी, कु. गोल्छा, कु. निशा ठाकुर, कु. नीलम ठाकुर ने बाजी मारी है वहीं एम.ए. गृहविज्ञान में 08 स्थानों में महाविद्यालय की छात्राओं में कु. तृप्ति, कु. शीतल साहू, कु. लिकेश्वरी, कु. खिलेश्वरी, कु. ख्याति टण्डन, कु. निधि साहू, कु. मुस्कान कुर्रे, कु. खुश्बू ने कब्जा किया है। बी.एससी. गृहविज्ञान में कु. युक्ति देशमुख-द्वितीय स्थान, कु. फातिमा-तृतीय, कु. शिलमन-चतुर्थ, कु.खोमेश्वरी-षष्ठम स्थान, कु. आशिया ने दशम स्थान प्राप्त किया है। कु. काव्यशिखा ने बी.ए. अंतिम वर्ष में पंचम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय की गरिमा बढ़ाई है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने छात्राओं की उनकी उपलब्धियों की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी।



डॉ. डी.सी. अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)
द्वारा प्रकाशित तथा प्रशांत प्रीटिंग, दुर्ग द्वारा मुद्रित। (केवल आंतरिक वितरण हेतु)
फोन-0788-2323773, फैक्स-0788-2212207 Email- govtgirlspgcollege@gmail.com,Website : www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in